Email ID: eecd123fatehpur@gmail.com

उत्तर प्रदेश जल निगम (ग्रामीण)

अधिशासी अभियन्ता, खण्ड कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम,
फतेहपुर–212601

पत्रांक : 2404 / M-7 /193 दिनांक : 29-10-2026

सेवा में,

मुख्य अभियन्ता (ग्रामीण),
उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण),
लखनऊ।

विषयः– दैनिक समाचार पत्र अमर उजाला के ई–संस्करण दिनांक 29.10.2026 में प्रकाशित शीर्षक "Fatehpur News: किसान दिवस में जलभराव और टूटी सड़क के मुद्दे उठे" के सम्बन्ध में आख्या।

महोदय,

उपरोक्त विषयक हिन्दी दैनिक समाचार पत्र **अमर उजाला** के ई–संस्करण दिनांक 29.10.2026 में प्रकाशित शीर्षक **"Fatehpur News: किसान दिवस में जलभराव और टूटी सड़क के मुद्दे उठे"** के माध्यम से प्राप्त शीर्षक के सन्दर्भ में अवगत कराना है कि विकास खण्ड–असोथर अन्तर्गत कोण्डार पेयजल योजना पर जल जीवन मिशन (फेज–3) कार्यक्रम अन्तर्गत मे0 पावरमेक–भूरथनम (जे0वी0) द्वारा कार्य कराया जा रहा है। वर्तमान में योजना पर टयूबवेल, पम्प लोअरिंग, पम्प हाउस, बाउण्ड्रीवाल, ग्रिड अधिष्ठापन पूर्ण, वितरण प्रणाली 90% तथा गृह संयोजन 80% पूर्ण है। वितरण प्रणाली बिछाते समय क्षतिग्रस्त हुई सडकों को मोटरेबल करा दिया गया है। वर्तमान में योजना के जोन–1 मे ट्रायल एवं टेस्टिंग का कार्य कराया जा रहा है। शीघ्र ही योजना के अवशेंष कार्यो को पूर्ण कराकर ग्राम में पूर्ण क्षमता से सुचारू जलापूर्ति सुनिश्चित करा दी जायेगी। साथ ही ट्रायल एवं टेस्टिंग कार्य पूर्ण कराकर मार्ग मरम्मत कार्य पूर्ण करा दिया जायेगा।


सादर सूचनार्थ प्रेषित।

संलग्नक–उपरोक्तानुसार।

भवदीय,

(अनुराग गौतम)
अधिशासी अभियन्ता

Fatehpur News: किसान दिवस में जलभराव और टूटी सड़क के मुद्दे उठे



फतेहपुर। विकास भवन सभागार में बुधवार को सीडीओ पवन कुमार मीना की अध्यक्षता में किसान दिवस आयोजित हुआ। उन्होंने अधिकारियों को किसानों की शिकायतें मौके पर निस्तारित करने के निर्देश दिए।

उप कृषि निदेशक राम जतन मिश्र ने किसानों से फार्मर रजिस्ट्री कराने और पराली न जलाने की अपील की। जिला कृषि अधिकारी नरोत्तम कुमार ने जिले में पर्याप्त उर्वरक की उपलब्धता बताई। उन्होंने किसानों को राजकीय बीज भंडारों से अनुदान पर रबी फसलों के बीज लेने की सलाह दी।

विज्ञापन